# डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
## (पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक सम्ब/171 /2025
दिनांक 14/07 /2025

सेवा में,

प्राचार्य,
एस0आर0के0 कालेज,
फिरोजाबाद। (कालेज कोड़–007)

**विषयः–महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता एवं सीटों के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपुर्यक्त विषयक आप अपने पत्र दिनांक 08.07.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा महाविद्यालय में संचालित स्नातक स्तर बी0ए0, बी0कॉम0, पाठ्यक्रम में सीट वृद्धि किये जाने की मांग की गयी है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आपके द्वारा प्रेषित पत्र के साथ सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के सम्बद्धता पत्र एवं बी0ए0, बी0कॉम0 पाठ्यक्रम में निर्धारित सीट के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य संलग्न नही किये गये हैं। जिसके कारण सीट वृद्धि के सम्बन्ध में निर्णय लिया जाना सम्भव नही हो पा रहा है।

अतः उक्त से अवगत होते हुये सम्बन्धित पाठ्यक्रमों के सम्बद्धता पत्र एवं सीटों के सम्बन्ध में समय–समय पर हुये सुसंगत आदेश/अभिलेख (विषयवार) एवं अवस्थापना सुविधायें पूर्ण होने के साक्ष्य तथा महाविद्यालय में सत्र 2025–26 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की सूची (विषयवार) सहित पत्रावली आज ही विशेष पत्रवाहक के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

अजय मिश्रा
पी.सी.एस.
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रभारी–कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. अधिकृत ऐजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को आज ही महाविद्यालया की लोगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. गार्ड फाइल।

अजय मिश्रा
पी.सी.एस.
कुलसचिव